एक नजर में

उपमुख्यमंत्री से मिले मंत्री पंवार

राजगढ़ 09 फरवरी, का. ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर की आगामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की. चर्चा में ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरण, आवश्यक स्टाफ, तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया. यह केंद्र न केवल समय पर जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों की ओर रेफर होने की मजबूरी से भी राहत दिलाएगा.

नेत्र जांच शिविर एवं ऑपरेशन का आयोजन

खिलचीपुर 09 फरवरी, सं. लायंस क्लब द्वारा विशाल नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन स्वर्गीय राधेश्याम पारीक (पपडेल वालों) की स्मृति में पारीक मेडिकोज एण्ड पैथोलॉजी लैब के सौजन्य से आयोजित किया गया. सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में सर्वप्रथम परम पूज्य गुरुदेव रणछोड़ दास महाराज एवं स्व. राधेश्याम पारीक के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया. श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के डॉक्टर द्वारा 152 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया. जिसमें 54 मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर हेतु भेजा गया शिविर में 72 मरीजों को चश्मा व दवा वितरित की गई. इस अवसर पर ट्रस्ट के डॉक्टर जितेन्द्र पाठक, डॉ कृष्णपाल,लायन एडवोकेट महेंद्र सिंह, लायन प्रदीप गुप्ता, गिरिराज भंडारी, देवेंद्र कुमार पारीक, राकेश गुप्ता (बंटी), सतीश पारीक आयोजन कर्ता गजेंद्र पारीक, डॉ तरुण पारीक, विशाल पारीक, आदि उपस्थित थे.

परीक्षाएं और स्वच्छता अभियान पर फोकस

राजगढ़ 09 फरवरी, का. सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले की प्रमुख प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई. आयोजित समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों, सीएम मॉनिटरिंग तथा लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक प्रकरण का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए. समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग देवेंद्र सिंह गौड़, ऊर्जा विभाग अजीत भुमरकर, सीएमओ कुरावर एवं सीएमओ खिलचीपुर द्वारा सीएम हेल्पलाइन के एल-1 स्तर पर लंबित प्रकरणों का प्रभावी निराकरण नहीं किया गया. इस पर मुख्यल कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की.

पुलिस की पकड़ में आए वेयर हाउस लूट के आरोपी

हाईवे, पेट्रोल पम्प आदि स्थानों पर 500 सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद 3 आरोपी हिरासत में, 2 आरोपी अभी भी फरार

ब्यावरा में वेयर हाउस में लूट करने वाले 3 धराये, 2 आरोपी फरार 58 क्विंटल गेहूं, घटना में प्रयुक्त वाहन और उपकरण जप्ती में लिये

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/राजगढ़ 09 फरवरी, का. ब्यावरा स्थित वेयर हाऊस के चौकीदार को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा है. पुलिस ने इस वारदात का पर्दाफाश करने के लिये लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे की फुटेज का सहारा लेना बताया है.

पुलिस के अनुसार 2 फरवरी को फरियादी जसरथ पिता अमरचंद द्वारा सिटी थाने में दर्ज कराई शिकायत में कहा था कि वह रात्रि लगभग 1 बजे वेयर हाउस में चौकीदारी कर रहा था. उसी दौरान चार अज्ञात आरोपियों द्वारा कट्टा जैसी वस्तु अड़ाकर बंधक बना लिया गया. एक अन्य चौकीदार हरिसिंह के कमरे में जाकर उसका मोबाइल छीन लिया और दोनों को कमरे में बंद कर दिया. आरोपियों ने चाकू दिखाकर वेयर हाउस के गेट की चाबी छीनी तथा वेयर हाउस में रखी सरकारी गेहूं की 30 बोरियां लूटकर फरार हो गए थे.

कई स्थानों पर लगे कैमरे खंगाले गए

पुलिस के अनुसार इस केस की मॉनिटरिंग स्वयं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा की गई. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस को सफलता मिली. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी में फारुख खान पिता अहमद खान निवासी रसूलपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास तथा कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन, अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन शामिल है. इनके पास से 58 क्विंटल गेहूं, आयसर वाहन एवं कटर व अन्य उपकरण जप्त किए गये. दो आरोपी फरार है, जिनकी तलाश जारी है. उक्त कार्यवाई में थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेन्द्र धाकड़, उप निरीक्षक अजय यादव, प्रवीण जाट, अनिल राहोरिया, विवेक शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, केशव राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, संजय बाथम, वीरेन्द्र रावत, आरक्षक राहुल मीणा, राजकुमार रघुवंशी, दिनेश किरार, परमेश्वर दास, प्रवीण यादव, बलवीर मीणा,धीरेन्द्र ,पीयुष गुप्ता ,पुष्पेन्द्र एवं अन्य स्टाफ तथा उप निरीक्षक जितेंद्र अजनारे, आरक्षक हितेश, अशोक राहोरिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

लूट के खुलासे में संदेह के घेरे में पुलिस!

गुना रोड पर डोबड़ा गांव के रास्ते पर स्थित सलूजा वेयर हाऊस में सात दिन पूर्व हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा तो कर दिया लेकिन पुलिस खुद संदेह के घेरे में आ गई है.

गौरतलब है कि सात दिन पूर्व चौकीदार को बंधक बनाकर लूट की वारदात कर भयभीत कर देने वाली इस घटना का पुलिस ने आज जिला मुख्यालय पर एसपी के माध्यम से खुलासा तो कर दिया लेकिन पुलिस ने घटना के बाद बताई कहानी और पर्दाफाश के समय की कहानी में काफी अंतर बताकर खुद को संदेह के घेरे में कर लिया है.

पुलिस ने वारदात उपरांत तमाम जांच पड़ताल के बाद चौकीदार की रिर्पोट पर लूट में 30 बोरी गेंहू जाना बताया था लेकिन पुलिस ने आज जब इसे बरामद किया तो 116 बोरी बताया. इसी प्रकार पुलिस घटना के बाद लगातार यह कहती रही कि लूट में उपयोग किया गया वाहन पिकअप, ऑटो जैसा कोई छोटा वाहन लगता है. पुलिस ने आज बरामदगी दिखाई इसमें बड़ी आयशर का खुलासा किया है. यहां तक कि पुलिस शुरू के तीन दिन तो इस लूट की वारदात पर ही संदेह व्यक्त कर रही थी. बाद में जब अखबारों के द्वारा सवाल उठाये गये तो पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया और इसका खुलासा करने में दिलचस्पी ली.

पुलिस ने खुलासे में बताई आधी अधूरी और रहस्मयी जानकारी- पुलिस ने इस खुलासे में यह भी जिक्र नहीं किया है कि लूट गिरोह के जिन 3 सदस्यों को कहां से धर दबोचा और कैसे पुलिस उन तक पहुंची. पुलिस ने आज खुलासा करते हुए जो कहानी बनाई वह किसी के सीधे तौर पर गले नहीं उतर रही है. वारदात के बाद वेयरहाउस का निरीक्षण करने पहुंचे कॉरर्पोरेशन के अधिकारी संजय दांगी ने जो अपने माल की गिनती की थी उसमें उन्होंने 30 बोरी की लूट होने की बात कही थी. इसके साथ ही उन्होंने वेयरहाऊस के एक साइड की शटर तोड़कर लूट की वारदात होने की बात कही थी. पुलिस ने इसे भी दो साइड की शटर तोडकर 116 बोरी में 58 क्विंटल गेहूं लूटने की बात कही है.

पुलिस ने इस वारदात का पर्दाफाश करने के साथ ही ब्यावरा से व्यापारियों को अपने सम्मान के लिये भी समय के पूर्व बुलवा लिया था. पुलिस ने हमेशा की तरह किसी भी मामले के खुलासे के बाद अपने सम्मान की भी समय पर चिंता कर एक नई परंपरा को जन्म देना पिछले कुछ समय से शुरू किया है. इसकी भी सभी जगह खासी चर्चा है.

विधायक ने किया मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

जीरापुर 09 फरवरी, सं. हमारा श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में स्थानीय पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में एक बैठक का आयोजन विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में हुई जहां पर श्री श्याम मंदिर निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई.

इस बैठक में श्याम बाबा के भक्तों ने कहा कि लगभग दो वर्ष पूर्व (आपसे) याने विधायक हजारीलाल दांगी से श्रीश्याम मंदिर के विषय में चर्चा हुई थी, जिसमें आपने मंदिर हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने एवं मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन दिया था. इस पर बैठक में श्याम मित्र मंडल के सदस्यों से विधायक ने तत्काल कहा कि बटावदा रोड़ पर पूर्व आश्वासन के अनुरूप श्रीश्याम मंदिर के लिए निर्माण किया जाय. वह जगह उचित है जहां पर मंदिर निर्माण के अलावा पर्याप्त जगह है. जिसमें श्रद्धालु भक्तों के लिए भण्ड़ारे सहित धार्मिक आयोजन के लिए एक बड़ा लम्बा चौड़ा परिसर हो जायेगा. ताकि क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को नई दिशा मिल सके.

बैठक के निर्णय अनुसार विधायक हजारीलाल दांगी सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया. उल्लेखनीय है कि नगर में खाटू श्याम मंदिर निर्माण की लंबे समय से श्री श्याम भक्तों का प्रयाग जारी था जिसे विधायक के कर कमलों से भूमि पूजन से निर्माण कार्य की शुरुआत हुई. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मुरली सेन, महेश रजक, मनीष चौधरी, हरपाल सिंह भगोरी, पंकज सोनी, पवन गोंड़, मुकेश दांगी, ओम सोनी, मोनू जमींदार, अनिल राठौर, कमल रजक, गोपाल सोनी, विशाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए.

शिवरात्रि को लेकर आध्यात्मिक आयोजन

जीरापुर 09 फरवरी. सं. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया. ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए परमपिता परमात्मा शिव को निराकार, ज्योति स्वरूप, अजन्मा और स्वयंभू बताया. ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में किए जा रहे आध्यात्मिक और नैतिक कार्यों की सराहना की. युवाओं और महिलाओं को इन आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया. कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला वर्ग उपस्थित रहा. इस मौके पर दुर्गेश पाटीदार, मंजू राठौर, रामप्रसाद वर्मा, रविंद्र हाड़ा ,हरीओम तमोलिया सहित अन्य नागरिक शामिल हुए.

सौंधिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

79 युगल बंधेंगे परिणय सूत्र में, 39 वर्षों में 16 हजार विवाह करवा चुका समाज

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 फरवरी, सं. सौंधिया राजपूत समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आज राजगढ़ रोड स्थित बामलाबे जोड़ सामाजिक परिसर में आयोजित किया जाएगा. सम्मेलन में 79 नवयुगल वैदिक विधि-विधान के साथ दांपत्य जीवन में प्रवेश करेंगे.

समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील सिंह सरावत ने बताया कि समाज संगठन द्वारा फिजूलखर्ची पर रोक लगाने और सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से यह सम्मेलन पिछले 39 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है.

समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह बामलाबे के नेतृत्व में 21 मार्च 1987 को बामलाबे गांव में पहला सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ था. जिसमें 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे थे.

ब्यावरा ब्लॉक अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां पिछले दो माह से की जा रही थीं.

राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, प्रताप सिंह सिसोदिया, हरिसिंह धामन्दा, उदय सिंह झिरी, विनय सिंह कीलखेडा, शिव सिंह बामलाबे प्रमुख रहे, इनके आगे आने से समाज की समय के साथ सोच बदली और आज स्थिति यह है कि जिले में हर वर्ष चार से अधिक सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं. सिर्फ 2009 से अब तक बामलाबे जोड़ परिसर में ही 3065 जोड़ों का विवाह संपन्न हो चुका है.

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 09 फरवरी, सं. राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के विशेष शिविर के पाँचवें दिन ग्राम धनोरा में ग्रामीणों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य जाँच की गई. इस दौरान चिकित्सकों द्वारा सामान्य रोगों की जाँच, रक्तचाप मापन, हीमोग्लोबिन, फिजियोथेरेपी की गई तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया. ग्रामीणों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया.

इसके पश्चात ह्रस्स स्वयंसेवकों द्वारा मंदिर प्रांगण में चल रहे पुताई कार्य में श्रमदान किया गया. स्वयंसेवकों ने श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया.

शाम के सत्र में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. बौद्धिक सत्र में रविन्द्र सिंह राजपूत मेडिकेयर इंस्टिट्यूट के कोर्डिनेटर ने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और योग के महत्व पर प्रकाश डाला. मोहन नागर ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए.

महाशिवरात्रि मेले का शुभारंभ

नरिंसहगढ़ 09 फरवरी, सं. नगर के प्राचीन महाशिवरात्रि मेले का सोमवार को गणेश पूजन और ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया. नपाध्यक्ष कविता वर्मा ने पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस मौके पर पार्षदगण और नपा कर्मचारी मौजूद रहे. अगले 20 दिनों तक चलने वाले इस मेले की संपूर्ण व्यवस्था नपा द्वारा की जाती है. मेले की औपचारिक शुरूआत के साथ यहां दुकाने और झूले संचालको को जगह आवंटित की जा चुकी है.

हाथी खाना जूना ब्यावरा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

आयोजन महिला मंडल के द्वारा किया जा रहा है, कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 फरवरी, का. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सोमवार से नगर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरु हुआ. कथा के पूर्व नगर में प्रभावी शोभायात्रा निकाली गई. कथा का आयोजन जूना ब्यावरा में हाथी खाना स्थित सेठ चम्पालाल जी के बगीचे में हो रहाहै.

सोमवार को इंदौर नाका के समीप गायत्री मंदिर धाम परिसर से गाजे-बाजे, जयकारों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई. स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया. नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शोभायात्रा कथा स्थल सेठजी के बगीचे में पहुंची. जहां कथा भागवताचार्य बहन आशा दीदी चर्तुभजनाथ मंदिर द्वारा कथा प्रारंभ की गई. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी. कथा का आयोजन समस्त महिला मंडल (शिव भक्त मंडल) एवं शिवभक्तगण द्वारा रखा गया है. कथा का समापन 16 फरवरी को पूर्णाहुति, प्रसादी वितरण के साथ होगा. धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा एवं कथा के आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

नवाचार स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत में आयोजित

स्वच्छता साथियों का सम्मान, किट का वितरण

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 फरवरी, का. स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील का प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा स्वच्छता साथियों को वॉश ऑन व्हील नवाचार कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई.

इस अवसर पर नवपंजीकृत स्वच्छता साथियों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया तथा उन्हें स्वच्छता किट का वितरण किया गया. साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता साथियों को

प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी है, जिसे पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभाना आवश्यक है. उन्होंने स्वच्छता साथियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए बधाई दी एवं पूर्व से पंजीकृत स्वच्छता साथियों को निरंतर स्वच्छता कार्यों में सक्रिय रहने हेतु प्रेरित किया. इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संस्थागत शौचालयों की वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से नियमित सफाई सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गतजिले में घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की ऑन-साइट सफाई हेतु वॉश ऑन व्हील सेवा के अंतर्गत स्वच्छता साथियों को महेश सौराष्ट्रीय, जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन द्वारा मोबाइल एप का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में बताया गया कि शौचालय की सफाई संबंधी मांग मोबाइल एप के माध्यम से स्वच्छता साथियों को आवंटित की जाएगी तथा की गई सफाई गतिविधियों की प्रविष्टि भी मोबाइल एप पर की जाएगी. इस हेतु प्रत्येक स्वच्छता साथी को मोबाइल एप का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया ।साथ ही स्वच्छता किट के महत्व एवं उसके माध्यम से प्रभावी ढंग से सफाई किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी भी प्रदान की गई. शौचालय सफाई हेतु निर्धारित दरें वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से शौचालय की सफाई हेतु मांगकर्ता मोबाइल एप द्वारा सेवा का अनुरोध करेगा. सफाई कार्य पूर्ण होने के पश्चात निर्धारित राशि का भुगतान किया जाएगा. घरेलू शौचालय 50 रूपये प्रतिशौचालय, संस्थागत/सामुदायिक शौचालय 200 रूपये प्रतिसंस्था आदि. कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता साथियों द्वारा स्वच्छता किट पहनकर जिला पंचायत परिसर के शौचालय में वॉश ऑन व्हील का प्रदर्शन किया गया. इस प्रदर्शन का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को प्रदर्शित करना एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा.

सीएस एकेडमी में हुआ वार्षिक उत्सव

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 फरवरी, का. नगर स्थित सीएस एकेडमी में विद्यालय का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी रहे. विशेष अतिथि रघुनंदन शर्मा, बम बम आश्रम के गुरुजी, मंजू मखेनिया थाना प्रभारी, राजगढ़, भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया तथा मनोज हाड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही. विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, देशभक्ति गीत, समूह नृत्य एवं नाट्य मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. अमित तोलानी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए.

प्राचार्या ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षण पद्धतियों को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी. डायरेक्टर सागर सिंह परमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया.